हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
2 मई 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि चुनाव ड्यूटी के दौरान मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों की मृत्यु अथवा दिव्यांगता होने पर उनके परिवारजनों को अनुग्रह राशि दी जायेगी।
- हरियाणा में आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिंदल, कांग्रेस प्रत्याशी वरूण मुलाना एवं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता एवं इनेलो प्रत्याशी गुरप्रीत सिंह गिल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने और भावी मतदाताओं को मताधिकार के प्रति सजग करने के लिए स्कूली बच्चों को पुरस्कृत करने की नई पहल की।
- पद्म पुरस्कार 2025 के लिए ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हुई।
- हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने अधिसूचना सेवा निर्धारित समय अवधि में न देने पर पंजाब नेशनल बैंक की बहल शाखा के कृषि प्रबंधक पर 10 हज़ार रूपये का जुर्माना लगाया।

..........................................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनाव ड्यूटी के दौरान मतदान एवं सुरक्षा कर्मियों के परिवारजनों को, मृत्यु अथवा दिव्यांगता होने पर अनुग्रह राशि प्रदान की जायेगी। ड्यूटी के दौरान हिंसक घटनाओं, बम विस्फोट, आतंकवादी घटनाओं या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर परिवारजन को 30 लाख रुपये दिये जाएंगे। इसी प्रकार, डयूटी पर किसी अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर 15 लाख रुपये, असामाजिक तत्वों के हमले के कारण कर्मचारी के स्थायी दिव्यांगता होने पर परिवारजन को 15 लाख रुपये तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में साढ़े 7 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
श्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि चुनाव ड्यूटी के दौरान दी जाने वाली यह अनुग्रह राशि केंद्रीय गृह मंत्रालय, राज्य सरकार या अन्य नियोक्ता द्वारा दी जाने वाले अनुकंपा राशि से अतिरिक्त होगी।
उन्होंने बताया कि अनुकंपा राशि की प्रक्रिया शुरू करने की जिम्मेदारी जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक की होगी और कर्मचारी की मृत्यु, दिव्यांगता इत्यादि होने की

घटना की तिथि से 10 दिन के अंदर-अंदर आरंभ करनी होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा 1 माह के भीतर संबंधित मामले का निपटान सुनिश्चित किया जाएगा।

..............................................................................................

हरियाणा में आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिंदल और इंडी गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता ने अपने नामांकन दाखिल किये। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा के राज्य मंत्री सुभाष सुधा और नवीन जिंदल की माता श्रीमती सावित्री जिंदल बीजेपी प्रत्याशी नवीन जिंदलके साथ रहे। भाजपा प्रत्याशी की पत्नी शालू जिंदल ने उनके कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर नामांकन भरा।

नामांकन के बाद कुरुक्षेत्र की अनाज मंडी में नामांकन सभा का आयोजन किया गया जिसमें नवीन जिंदल के साथ उनकी पत्नी उनकी माता, मुख्यमंत्री नायब सैनी राज्य मंत्री सुभाष सुधा सहित पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व मंत्री संदीप सिंह, करण देव कांबोज, लाडवा से पूर्व विधायक पवन सैनी तथा भाजपा के कुरुक्षेत्र लोकसभा से पदाधिकारी व बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

इस अवसर पर श्री जिंदल ने कहा कि हरियाणा और केंद्र सरकार द्वारा गत वर्षों में किये गए कार्यों के परिणामस्वरूप लोगों से उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने मतदाताओं से संसदीय क्षेत्र का रादौर से लेकर गुहला चीका तक चहुंमुखी विकास करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरूक्षेत्र हलके में कौशल विद्या केंद्र खोला जायेगा, जो बेरोजगारी दूर करने में कारगर होगा और इसमें10 हज़ार बच्चों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

वहीं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता ने नामांकन दाखिल करने से पहले रोड शो किया। रोड शो में उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा उनके साथ मौजूद रहे। श्री गुप्ता भारी मतों से लोकसभा सीट जीतने का दावा किया।

उधर अंबाला लोसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वरूण मुलाना ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान की मौजूदगी में नामांकन पत्र भरा। उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित किया।

नामांकन दाखिल करवाने के बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मीडिया से बातचीत में वरूण मुलाना की जीत का दावा किया। अंबाला लोकसभा सीट से आज इंडियन नेशनल लोकदल के प्रत्याशी गुरप्रीत सिंह गिल ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर श्रीमती कांता चौटाला उनके साथ उपस्थित रहीं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आज तीन नामांकन पत्र दाखिल किये गए हैं।

भिवानी महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से 4 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गए। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि आज जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी राव बहादुर सिंह, उनके कवरिंग उम्मीदवार करण सिंह, बहुजन मुक्ति पार्टी की प्रत्याशी वर्षा और निर्दलीय प्रत्याशी हेमंत ने अपने नामांकन पत्र भरे।

..........................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने और भावी मतदाताओं को मताधिकार के प्रति सजग करने के लिए स्कूली बच्चों को पुरस्कृत करने की एक नई पहल की है।

इस पहल के तहत अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने वाले बच्चों को मतदान के बाद अपने परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी स्याही के साथ कार्यालय के पोर्टल पर सेल्फी अपलोड करनी होगी। मतदान के बाद जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि 25 मई को सुबह 7 बजे मतदान शुरू होते ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक खुल जायेगा। सेल्फी रात 8 बजे तक अपलोड की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हज़ार रूपये का विशेष पुरस्कार दिया जायेगा।

..........................................................................................

पद्म पुरस्कार 2025 के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल-https://awards.gov.in/ पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी।

पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार, कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग सहित सभी विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाते है।

..........................................................................................

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने अधिसूचित सेवा निर्धारित समयावधि में न देने पर पंजाब नेशनल बैंक की बहल शाखा के कृषि प्रबंधक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, आवेदक को 5 हजार रुपए का मुआवजा देने का भी निर्णय सुनाया गया है।

आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि आयोग के मुख्य आयुक्त टी.सी. गुप्ता ने आवेदक ओमवीर को समय पर ऋण की अदायगी न करने के इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की और भिवानी जिला में बहल स्थित पंजाब नेशनल बैंक के कृषि प्रबंधक मुलायम सिंह को दोषी पाते

हुए बैंक के रोहतक सर्कल हैड को उसके अप्रैल माह् के वेतन में से काटने और चालान की फोटो प्रतियां ईमेल के माध्यम से आयोग को भिजवाने के निर्देश दिये। आयोग ने कहा है कि अगर मुआवज़ा राशि प्रबंधक के वेतन के एक तिहाई से अधिक है तो शेष राशि की कटौती अगले महीने की जाए।

इसके अलावा, आयोग ने बैंक के शाखा प्रबंधक, मंजीत के खिलाफ उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश की है और पंजाब नेशनल बैंक के चंडीगढ़ के जोनल प्रबंधक को इन आदेशों के जारी होने के 30 दिनों के भीतर इस संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में आयोग को सूचित करने को कहा है।

..........................................................................................

रोहतक लोकसभा क्षेत्र से बी.जे.पी. सांसद एवं पार्टी प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा ने आज रोहतक में अपना चुनावी कार्यालय खोला। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन भी दाखिल करेंगे।

डॉ. अरविंद शर्मा कल अपने नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थिति रहेंगे।

पार्टी कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बी.जे.पी. उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि रोहतक लोकसभा क्षेत्र से उन्हें एक बार फिर जीत हासिल होगी। उन्होंने दावा किया कि उन्हें हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है और हरियाणा में बी.जे.पी. सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी।

..........................................................................................

हिसार लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लोगों को जाति और धर्म के नाम पर बांटने में समय गंवाया और हिसार लोकसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधायें मुहैया नहीं करवाई।

वे आज भिवानी के कस्बा बवानीखेड़ा में अपने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व मुख्य संसदीय सचिव राम किशन फौज़ी और कंग्रेस नेता सतबीर सतेरा भी मौजूद रहे।

..........................................................................................